**VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**
**(Academic Session 2026-27)**

**Date: ________ Class: V Div: A/C/D Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**
**Name: ______________________________________ Worksheet: Revision P.T-2 Ch-3,4**

## पाठ-3 मैं हूँ मुंबई

❖ **गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

मैं महाराष्ट्र की राजधानी ........................ बनाया गया था।

i. किसे भारत का प्रवेश द्वार माना जाता है और क्यों?
उ. मुंबई को भारत का प्रवेश द्वार माना जाता है क्योंकि विभिन्न देशों के पर्यटक सबसे पहले यहीं आते हैं।

ii. 'गेटवे ऑफ़ इंडिया' किसकी याद में बनाया गया?
उ. 'गेटवे ऑफ़ इंडिया' इंग्लैंड के राजा जॉर्ज पंचम और रानी मेरी के भारत आगमन की याद में बनाया गया था।

iii. जॉर्ज पंचम और रानी मेरी भारत कब आए थे?
उ. जॉर्ज पंचम और रानी मेरी दिसंबर 1911 में भारत आए थे।

iv. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए -
उ. जल के लिए मार्ग - जलमार्ग वायु के लिए मार्ग - वायुमार्ग

❖ **संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर -**

i. 'मुंबई' का क्या अर्थ है?
उ. मुंबई 'मुंबा और 'आई' शब्दों को जोड़कर बना है जिसका अर्थ है मुंबा माता।

ii. समुद्र के समीप अर्धचंद्राकार सड़क कौन-सी है?
उ. समुद्र के समीप अर्धचंद्राकार सड़क मैरीन ड्राइव है।

iii. चौपाटी पर सबसे ज्यादा भीड़ कब होती है?
उ. चौपाटी पर सबसे ज्यादा भीड़ रविवार की शाम को होती है।

iv. जुहू बीच के समीप क्या आकर्षण का केंद्र है?
उ. जुहू बीच के समीप इस्कॉन मंदिर आकर्षण का केंद्र है।

❖ **विस्तार से प्रश्नों के उत्तर -**

i. मुंबई का परिचय दीजिए।
उ. मुंबई महाराष्ट्र की राजधानी है जिसे सपनों की नगरी कहा जाता है। यह भारतीय सिनेमा की जन्मस्थली भी है ।

ii. भारत की आर्थिक राजधानी किसे और क्यों कहा जाता है?
उ. मुंबई को भारत की आर्थिक राजधानी कहा जाता है क्योंकि यहाँ अधिकांश व्यापारिक संस्थान और अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मुख्यालय स्थित हैं।

iii. मुंबई के प्रमुख आकर्षण केंद्र या दर्शनीय स्थलों के नाम लिखिए।

उ. मुंबई के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं- गेटवे आफ़ इंडिया, चौपाटी, महालक्ष्मी मंदिर, हाजी अली की दरगाह, इस्कॉन मंदिर, मुंबा देवी मंदिर, एलीफेंटा की गुफाएँ आदि।

iv. मुंबई की रीढ़ की हड्डी कौन हैं और क्यों?

उ. 'मुंबई लोकल ट्रेन' और 'डब्बावाला' मुंबई की रीढ़ की हड्डी कहे जाते हैं क्योंकि मुंबई का जीवन इन दोनों पर बहुत निर्भर है।

## कविता-4 समय मूल्यवान है

❖ **संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर -**

i. मनुष्य धन फिर से कैसे पा सकता है?

उ. मनुष्य परिश्रम के द्वारा फिर से धन पा सकता है।

ii. विद्या कैसे आती है?

उ. विद्या पढ़ाई करने से आती है।

iii. जीवनभर भटकने के बाद भी क्या नहीं मिल पाता है?

उ. जीवनभर भटकने के बाद भी खोया हुआ समय नहीं मिल पाता है।

iv. किन्हें एक क्षण की भी बरबादी खटकती थी?

उ. बापू को एक क्षण की भी बरबादी खटकती थी।

❖ **विस्तार से प्रश्नों के उत्तर -**

i. कैसे लोग पछताते हैं और क्यों?

उ. समय को खोनेवाले लोग पछताते हैं क्योंकि उन्हें खोया हुआ समय वापस नहीं मिल पाता।

ii. कौन-कौन सी चीजें खो जाने के बाद भी मिल सकती हैं? कैसे?

उ. खोया हुआ धन मेहनत करने से मिल सकता है, बिगड़ा हुआ स्वास्थ्य उपचार से ठीक हो सकता है, खोई हुई विद्या भी पढ़ने से मिल जाती है।

iii. बापू अपने साथ घड़ी हरदम क्यों रखते थे?

उ. बापू अपने साथ घड़ी हरदम इसलिए रखते थे ताकि वे समय के एक-एक क्षण का उपयोग कर सकें।

iv. कवि ने कविता में क्या गाँठ बाँधने के लिए कहा है और क्यों?

उ. कवि ने कविता में एक क्षण भी न गँवाने की गाँठ बाँधने के लिए कहा है क्योंकि समय का सदुपयोग करनेवाले को दुख नहीं मिलता।